देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 27.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में मानसखंड मिशन के अंतर्गत नैना देवी मंदिर परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।
- चम्पावत जिले में किसानों की आय दोगुनी करने की उद्यान विभाग की पहल। चारों विकासखण्डों में किसानों को 28 टन मशरूम कम्पोस्ट का वितरण किया।
- यूकॉस्ट की ओर से कल से तीन दिवसीय विश्व आपदा प्रबंधन शिखर सम्मेलन देहरादून में आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल में मानसखंड मिशन के अंतर्गत नैना देवी मंदिर परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मंदिर को और अधिक भव्य व आकर्षक स्वरूप देने के लिए 11 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसके तहत कई महत्वपूर्ण कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से मिशन के अन्य विकास कार्यों की भी जानकारी ली और संबंधित विभागों को इन सभी कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों, पर्यटकों और स्कूली बच्चों से मुलाकात की और सबके साथ संवाद किया। उन्होंने प्रशासनिक अकादमी नैनीताल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई जनता से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री/जनसांख्यिकी बदलाव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और राज्य के मूल स्वरूप को जो भी बिगाड़ने का प्रयास करेगा, उसे किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है और अवैध तरीके से प्रमाण पत्र बनाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<u>कृषि मंत्री</u>

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाक़ात की। इस दौरान कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री जोशी ने केंद्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण, के अंतर्गत वर्तमान स्वीकृत अनुदान राशि 1 लाख 30 हजार प्रति आवास इकाई को बढ़ाकर पीएम–जनमन योजना के समकक्ष दो लाख रुपए प्रति आवास इकाई किए जाने का अनुरोध किया। साथ ही पीएमजीएसवाई–1 के अवशेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए समय सीमा को आगामी मार्च तक बढ़ाने और पीएमजीएसवाई–3 कार्यों को पूरा करने के लिए एक वर्ष का अतिरिक्त विस्तार देने की भी मांग की। इसके अलावा उन्होंने राज्य में फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए घेराबंदी कार्यों के लिए आगामी पाँच वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 200 करोड़ का बजट उपलब्ध कराए जाने का आग्रह किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आपदा में हुए नुकसान का योजनाओं के माध्यम से क्षतिपूर्ति की जाएगी। उन्होंने अन्य सभी बिंदुओं पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन भी दिया।

<u>मशरूम उत्पादन चम्पावत</u>

चम्पावत जिले में मशरूम उत्पादन से किसानों को सशक्त बनाने के लिए उद्यान विभाग ने जिले के घाटी वाले क्षेत्रों में 28 टन मशरूम कम्पोस्ट को राज्य सहायता में वितरित कर किसानों की आय दोगुनी करने की पहल शुरू की है। जिला उद्यान अधिकारी प्रेम लाल कोहली ने बताया कि जिला योजना के अंतर्गत विभाग ने जिले के चारों विकासखंडों में मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करते हुए विभाग ने अक्टूबर माह में जिले के चारों विकासखण्डों के 69 किसानों को 80 प्रतिशत राज्य सहायता में मशरूम कम्पोस्ट का वितरण किया। उन्होंने बताया कि जिले में इस वर्ष लगभग 40 से 45 कुंतल मशरूम उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

किसान प्रदीप जोशी ने बताया कि मशरूम उत्पादन में कम लागत और कम कीमत पर किसानों को अच्छा मुनाफा मिल जाता है।

<u>यूकॉस्ट सम्मेलन</u>

उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद– यूकॉस्ट की ओर से विश्व आपदा प्रबंधन शिखर सम्मेलन और 20वां उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन कल से 30 नवंबर तक देहरादून में आयोजित किया जाएगा। यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने बताया कि तीन दिवसीय यह आयोजन, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, वैज्ञानिक नवाचार और तकनीकी विकास पर देश–विदेश के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाएगा।

समीक्षा

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में पूंजी निवेश के लिए राज्य को मिलने वाली विशेष सहायता योजना और विभागों में चल रहे सुधारों की समीक्षा की। उन्होंने विभागों को तय समय सीमा के भीतर लागू किए जा सकने वाले सभी सुधारों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न करने वाले विभागाध्यक्षों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।